तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 26 मई 2025

12 कराटे चैंपियनशिप में जींद के खिलाड़ियों ने दिखाया दम



12 निजी स्कूलों को आज देना का होगा सीटों का ब्यौरा



### जिले में औसतन 32 एमएम तो जींद में 67 एमएम बारिश दर्ज, गर्मी तथा उमस से दिलाई राहत

# जमकर बरसे बदरा, टूटे पेड़, बिजली के खंभे गिरे

## बिजली व पेयजल सप्लाई हुई बाधित, जलभराव बना परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बीती देर रात तेज हवा के साथ हुई जोरदार बारिश से बोर्ड, फ्लैक्स, होर्डिंग सोलर प्लेट, छप्पर उखड़ कर दूर जा गिरे। कई स्थानों पर पेड़ तथा बिजली के खंभे भी टूट गए। जिसके चलते बिजली व्यवस्था ठप हो गई। बारिश के कारण शहरी इलाकों में काफी स्थानों पर जलभराव देखने को मिला। कुछ स्थानों पर बिजली व्यवस्था रविवार दोपहर बाद तक बहाल हो पाई। हालांकि बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। तापमान में भी पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जिले में औसतन 32 एमएम बारिश हुई। जींद ब्लॉक में सबसे ज्यादा 67 एमएम बारिश दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 41 प्रतिशत तथा हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है।

### जिले में औसतन 32 एमएम, जींद में 67 एमएम बरसे बदरा

बीती रात जिले में औसतन 32 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश जींद में 67 एमएम बारिश दर्ज की गई। नरवाना में 27 एमएम, सफीदों मे छह एमएम, जुलाना में 51 एमएम, उचाना में पांच एमएम, पिल्लूखेड़ा में 48 एमएम, अलेवा में 20 एमएम बरिश दर्ज की गई। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में पांच डिग्री तथा न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा।

### जुलाना में तुफान से टूटे सैंकड़ों पेड़, 225 बिजली के पोल

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र में शनिवार देर रात आए आंधी तुफान से सैंकड़ो पेड़ टूट गए जिससे क्षेत्र की कई सड़के बाधित हो गई और बिजली के 225 पोल टूट गए। जिससे रात से ही बिजली बाधित रही। बरसात से एक और तो तापमान में गिरावट हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन तुफान लोगों के लिए मुसीबत लेकर आया। तुफान से जुलाना की गौरक्षानंद गौशाला की शेड उड़ गए जिससे गौशाला को लाखों रूपये का नुकसान हुआ। गनिमत रही कि हादसे के समय गाय दूर थी नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। करेला, पौली के शेल्टर भी आंधी में उड़ गए। करेला गांव का बस शेल्टर पास के तालाब के बीच में जाकर गिरा तो पौली गांव का शेल्टर खेतों में जाकर पड़ा। करेला गांव के साधुराम और झमौला गांव के पवन मलिक की सोलर प्लेट तुफान के कारण टूट गई जिससे किसानों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। जैजैवंती से गढ़वाली रोड पेड़ गिरने से बाधित हो गया। जुलाना से हांसी मार्ग भी बाधित हुआ। पेड़ उठाने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों को पसीना बहाना पड़ा तो बिजली कर्मचारियों को भी पोल लगाने और लाइन चालू करने में मशक्त करनी पड़ी। ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ा। बिजली निगम के जुलाना कस्बे में 25 पोल तो पूरे क्षेत्र में 225 पोल गिरे।



जींद। नरवाना रोड पर जमा हुआ बरसाती पानी, पटियाला चौक स्थित बिजली घर के निकट सड़क पर जमा बरसाती पानी, बारिश में बहे तरबूजों को संभालते हुए, गड्ढों में भरा पानी, तेज आंधी से टूटी सोलर प्लेट को दिखाते हुए किसान।



जींद। तेज आंधी के चलते सड़क पर गिरा पेड़, बारिश के पानी में नहाते हुए बंदर।

### जमकर बरसे बदरा, 40 की स्पीड से चली हवा

मौसम ने शनिवार देर शाम को करवट ले ली थी। रात को 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से धूल भरी आंधी शुरू हो गई। जिसके साथ बादल घिर आए और हवा के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे बोर्ड, फ्लेक्स, होर्डिंग, सोलर प्लेट, छप्पर उखड़ कर दूर जा गिरे। कई स्थानों पर पेड़ तथा बिजली के खंभे भी टूट कर गिर गए। जिसके चलते बिजली व्यवस्था ठप हो गई। कुछ स्थानों पर पेयजल स्पलाई भी नही हो पाई। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना पडा।

### जल निकासी की खुली पोल, कई स्थानों पर हुआ जलभराव

बारिश के कारण शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। नरवाना रोड, पुराना बिजली घर, कृषि विभाग कार्यालय के सामने, बत्तख चौक, रानी तलाब, स्कीम नंबर पांच तथा छह, अर्बन एस्टेट, डिफेंस कालोनी समेत बाहरी इलाकों में बरसाती पानी खडा हो गया। रात को हुई बारिश ने बरसाती पानी निकासी के दावों की भी पोल खोल कर रख दी है।

### बारिश फसलों के लिए फायदेमंद, गर्मी से राहत

रात को हुई बारिश को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। तापमान ज्यादा होने के कारण फसलों पर विपरित प्रभाव पड़ रहा था। किसानों द्वारा पनीरी भी लगाई गई। तापमान ज्यादा होने के कारण फसलों के झुलसने का खतरा बना हुआ था। बारिश ने काफी हद तक पानी की पूर्ति को पूरा कर दिया है। बारिश ने झुलसा देने वाली गर्मी से भी राहत देने का काम किया है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम मे बदलाव आया है। बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। आकाश में बादलवाई रहने के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। तापमान में भी इजाफा होगा।

## आंधी ने फिर मचाई तबाही, कई क्षेत्रों में रातभर बिजली रही गुल



कैथल। अंधड़ के कारण उखड़े बिजली के खंबे तथा पेड़।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिलेभर में शनिवार देर रात आई आंधी ने फिर से तबाही मचाई। इस आंधी के बाद तेज बारिश भी हुई। इस कारण कई क्षेत्रों में रातभर बिजली गुल रही। जबकि शहर क्षेत्र में करीब चार घंटे बिजली गुल हुई। बारिश के कारण सीवन में सब्जियों व खरबूजे की फसल को नुकसान हुआ है।

दो दिन पहले भी आंधी आई थी। इससे सैंकड़ों बिजली के खंभे व पेड़ गिरे थे। शनिवार देर रात आई आंधी के बाद भी नुकसान हुआ। अब तक चार बार आई आंधी में 1500 अधिक बिजली के खंभे और करीब 1000 पेड़ गिर चुके हैं। शनिवार रात आई बारिश में भी 350 बिजली के खंभे, 70 ट्रांसफार्मर व 200 पेड़ गिरे है। वहीं, जिले मेंक कुल 190 एमएम बारिश हुई, जो औसतन 27.14 एमएम रही है। इस दौरान सीवन क्षेत्र में सबसे अधिक 50 एमएम और गुहला क्षेत्र में सबसे कम एक एमएम बारिश दर्ज की गई। रविवार से नौ तपा की शुरूआत होनी थी, लेकिन मौसम हुए बदलाव ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई है। इस कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री दर्ज किया गया।

जिले में अलग-अलग जगहों पर मुख्य मार्गों वृक्ष व बिजली के खंभे गिरने के कारण रास्ता भी अवरुद्ध हुआ। इस दौरान चीका, कैथल व सीवन, चीका, पूंडरी और राजौंद क्षेत्र में वृक्ष व बिजली के खंभे गिरने के कारण जाम की स्थिति बनी रही।

### निगम को हुआ भारी नुकसान

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भलोठिया ने बताया कि शनिवार देर रात को आए आंधी व तूफान के कारण निगम को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान 350 खंभे व 70 ट्रांसफार्मर गिरे हैं। इसके चलते कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली करीब छह घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही, लेकिन बारिश रुकने के बाद तुरंत ही कर्मियों ने व्यवस्था बना दी थी।

### जिले में जगह अनुसार हुई बारिश

| | |
|---|---|
| कैथल | 47 एमएम |
| सीवन | 50 एमएम |
| ढांड | 41 एमएम |
| राजौंद | 38 एमएम |
| गुहला | 01 एमएम |
| कलायत | 03 एमएम |
| पूंडरी | 10 एमएम |

## पहली ही बारिश में डूबी व्यवस्थाएं, जींद प्रशासन की खुली पोल

**जींद।** शहर में बीती रात को हुई पहली ही बरसात ने जींद प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है। जगह-जगह जलभराव, सीवरेज का ओवरफ्लो और अंडरपासों में भरे पानी ने साफ कर दिया कि मानसून से पहले न तो कोई सफाई हुई और न ही जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था। समाजसेवी व जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि देवीलाल चौक अंडरपास, मिनी बाईपास, मुख्य सड़कें, शहर की गालियां, पार्क, स्टेडियम सब जलमग्न हैं। सीवरेज का गंदा पानी घरों में बैक मार रहा है। गोयल ने प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से पूरे शहर की सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई जाए और अंडरपासों से पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। वहीं जब अंडरपासों में छत बनी हुई है तो बारिश का पानी आखिर कहां से और क्यों भर रहा है। इसकी जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। गोयल ने कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आगामी बरसातों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे गंदगी को नालियों में न डालें और प्रशासन को समय समय पर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं।



## खबर संक्षेप

### रेलवे रोड जलमग्न, स्कूल का सोलर पैनल टूटा

**जींद।** उचाना क्षेत्र में तेज बारिश और तूफान से सेढ़ा माजरा बिजली घर से लगने वाली लाइन के दो पोल और एक ट्रांसफार्मर गिर गया। उचाना खुर्द गोशाला एपी लाइन के भी दो पोल आंधी की वजह से टूट गए। सेढ़ा माजरा में विकास फौजी के घर में भैंसों के चारे के कमरे की छत उड़ गई। सेढ़ा माजरा के सरकारी स्कूल की छत पर लगे सोलर पैनल टूट गए। उचाना रेलवे लाइन के पास अंडरपास की शेड टूट गई। उचाना मंडी का रेलवे रोड जलमग्न हो गया। रात को हुई बारिश का पानी सुबह 10 बजे तक भी नहीं निकल पाया। वाहन चालक पानी के बीच से ही गुजरते रहे। दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई।

### अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत निवासी सचिन कार्यवश सफीदों आया हुआ था। सफीदों में निजी स्कूल वैन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें सचिन घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं गांव अमरहेड़ी निवासी नर्स कोमल गांव मुआना ने स्कूटी पर सवार होकर अपने घर लौट रही थी।

## खरकगागर में तेज तूफान से मरे सैकड़ों तोते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों उपमंडल के गांव खरकगागर में तेज तुफान से सैंकड़ों तोते मर गए और काफी बुरी तरह से घायल हो गए। रविवार को नहरी विभाग का बेलदार अनिल वहां से गुजर रहा था तो उसने देखा कि खेतों में चारों ओर तोते ही तोते पड़े हैं और कुत्ते उन्हे नोच रहे हैं। उसने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तोतों के पास से कुत्तों को दूर किया। वहीं मामले की सूचना वन विभाग व पशुपालन विभाग को दी गई। सूचना पाकर पशुपालन विभाग के डाक्टर राजकुमार मौके पर पहुंचे और तोतों को उपचार देकर उन्हे बचाने का प्रयास किया। उधर, ग्रामीणों ने वन विभाग, वन्य प्राणी विभाग व पशुपालन विभाग से अपील की कि उनकी टीम आकर जिंदा बचे हुए तोतों को ले जाए ताकि उनका अच्छे से उपचार हो सके। ग्रामीण बलिंद्र व सुरेंद्र ने बताया कि खरकगागर गांव के पास सड़क के किनारे खड़े सफेदे के पेड़ों पर असंख्य तोते एक स्थान पर निवास करते हैं।



फोटो कैप्शन मरे हुए तोतों को दिखाते हुए ग्रामीण, घायल तोतों को इलाज देते हुए डाक्टर राजकुमार।

## कैंटर के चालक निकले लाखों की लूट के मास्टर माइंड

- प्रेमिका को भगाने के लिए रुपयों की जरूरत के मध्यनजर खोया मालिक का विश्वास, बन गए लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद-गोहाना ग्रीन फिल्ड नेशनल हाइवे पर तीन दिन पहले हुई पांच लाख 17 हजार रुपये की लूट के मास्टर माइंड खुद कैंटर के दोनों चालक थे। जिन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ मिल कर लूट को अंजाम दिलवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कैंटर कैटर चालक तथा दोनों दोस्तों को गिरफ्तार उनके कब्जे से लूटी गई राशि तथा वारदात में प्रयोग बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### ये था मामला

गत 23 मई शाम को जींद के जलेबी चौक से कुछ पीछे जींद-गोहाना ग्रीन फिल्ड नेशनल हाइवे पर कैंटर चालक व उसके साथी के साथ मारपीट कर पांच लाख 17 हजार 600 रुपये लूटने की सूचना पुलिस को मिली था। कैंटर चालक अजमेर बस्ती निवासी फिरोजखान, उसके साथी गांव हसनपुर निवासी अंकित का कहना था कि कार सवार आधा दर्जन युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पोल्ट्री फार्मर नरवाना निवासी संदीप की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच का आगे बढ़ाया तो कैंटर चालक फिरोज खान तथा उसका साथी अंकित लूट के मास्टर माइंड निकले।

### प्रेमिका को भगा ले जाने के लिए खोया विश्वास

जब मामले को खंगाला गया तो सामने आया कि कैंटर चालक अंकित का एक युवती से अफेयर चला हुआ था। वह युवती को भगा कर ले जाना चाहता था। जिसके लिए रुपयो की जरूरत थी। अंकित ने अपने सीनियर चालक फिरोज खान से बात को शेयर किया। जिसके साथ अपने साथ लूट की योजना बना ली। जिसके चलते फिरोज खान ने अपने दोस्त ऑटो चालक राम कालोनी निवासी नवीन तथा अभिषेक से संपर्क साधा और लूट की योजना बता कर उसे अंजाम दिलवा दिया। खास बात यह है कि दोनों काफी समय से पोल्ट्री की पेमेंट ला रहे थे। चारों आरोपितों का पहले कोई अपराधिक रिकार्ड नही है।

### सीसीटीवी देखा तो दोनों चालकों पर हुआ संदेह

लूट की सूचना पाकर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उन्होंने वहां पर सीसी कैमरा लगा दिखाई दिया। पुलिस ने फूटेज को खंगाला तो कैंटर धीरे-धीरे चलता दिखाई दिया। दो युवक डंडों के साथ हाइवे पर चढ़ते दिखाई देते हैं। जो भाग कर कैंटर चालक की खिड़की के पास पहुंचता है। फिर डंडा मारने का ड्रामा करते हैं। फिर राशि वाला बैग लेकर हाइवे से नीचे खड़े बाइक से फरार हो जाते हैं। जबकि पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपित चालकों ने लुटेरो की संख्या छह तथा कार सवार होना बता कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। जबकि आरोपित बाइक पर पहुंचे थे। डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि कैंटर के दोनों चालकों ने अपने दोनों दोस्तों के साथ लूट की योजना बनाई थी।

## युवक की हत्या करने में नाबालिग को किया निरूद्ध व आरोपी पकड़ा

**कैथल।** बाजार में युवक पर हमला करके हत्या करने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई तरसेम की टीम द्वारा करते हुए गांव बालु निवासी एक 17 वर्षीय किशोर को निरुद्ध करने के अतिरिक्त आरोपी बालु निवासी अमन को काबू कर लिया गया। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी बीर भान ने बताया कि गांव चौशाला निवासी अमन की शिकायत अनुसार करीब वह एक साल पहले चौशाला निवासी उसके दोस्त कुलबीर, मोहित के साथ कलायत से बस में गांव जा रहे थे। तो बालु निवासी विक्की, अमन, मिढा, के साथ उनका झगड़ा हो गया। जिसके बाद वे हमसे रंजिश रखने लगे। 1 मई को वह अपने दोस्त कुलबीर के साथ कैथल बाजार से अपने गांव के लिए जा रहे थे। तभी रेलवे गेट कैथल के पास उनकी बाइक के सामने अमन, मिठा, विक्की निवासी बालु व साहिल, जयप्रकाश व कर्मजीत निवासी खरक अपने अन्य साथियों के साथ हाथों में चाकू व पंच लेकर आए। उनका रास्ता रोककर मारपीट करने लगे। वह डरकर साइड में भाग गया तथा उन्होंने कुलबीर पर चाकुओं से हमला कर दिया। उसको बाद में पता चला कि कुलबीर को शाह अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

### गंदा पानी गौवंश व गौपालकों के लिए बना आफत

## सीवरेज का गंदा पानी गौशाला में हुआ जमा

- बीमारी फैलने का बना अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों शहर स्थित स्वामी गौरख्क्षानंद गौशाला में रविवार सुबह अचानक सिवरेज का गंदा पानी भर गया। यह सिवरेज का गंदा पानी गौवंश व गौपालकों के लिए आफत बन गया। यह गंदा पानी गौवंश के शैड़ों के नीचे भी घुस गया। गौवंश इस गंदे पानी में ही बैठने को मजबूर रहा। गौशाला प्रबंधक समिति के सदस्य तीर्थ राज गर्ग मौके पर पहुंचे और उन्होंने लेबर को लगाकर सीवरेज को खोलने का प्रयास किया लेकिन सभी प्रयास विफल रहे। उसके बाद समस्या से जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाया। गौशाला प्रबंधक समिति के सदस्य तीर्थराज गर्ग ने बताया कि रात में तेज बारिश हुई थी। सफाई व्यवस्था के अभाव में जनस्वास्थ्य विभाग का सीवरेज ओवरफलो हो गया। इस सीवेरज की समय पर सफाई नहीं होती और बारिश होती ही गौशाला को यह समस्या पेश आती है। उन्होंने बताया कि गौशाला की निकासी के लिए यहां पर पाईप लाईन बिछाई गई है और यह पाईप लाईन सुलभ निकासी के लिए पब्लिक हैल्थ के सिवरेज में जोड़ी गई है। पब्लिक हैल्थ का सिवरेज सफाई व्यवस्था के अभाव में रूके हुए है। रात में जैसे ही तेज बारिश हुई तो इस सिवरेज का सारा गंदा पानी बैक मारकर गौशाला परिसर में भर गया। जिसके हजारों की संख्या में गौवंश, गौपालक व गौशाला समिति पूरी तरह से परेशान है। गौशाला का कोई ऐसा स्थान सूखा नहीं बचा है, जहां पर गौवंश को बांधा जा सके। गौवंश गीले व सडांध में खड़े होने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि गौशाला की लेबर गंदे पानी से होकर गौवंश को चारा डाल रही है। गंदे पानी के कारण गौवंश व लेबर के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया कि वे समस्या का तत्काल स्थाई समाधान करवाया जाए।



सपफीदों। गौशाला में भरा हुआ गंदा पानी।

## खबर संक्षेप

### रविदास धर्मशाला में सम्मान समारोह 29 को

**जींद** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ द्वारा 29 मई को गुरु रविदास धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के मुख्यअतिथि डा. बीआर अंबेडकर वेल्फेयर सोसाइटी जींद के प्रधान राजेश पहलवान होंगे और हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जींद के प्रधान सत्यपाल पातलान कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सम्मान समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में 12वीं कक्षा में कला संकाय में पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सरोज टंडन को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नवनियुक्त और पदोन्नत हुए अध्यापकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### 27 मई को बुआना में प्रशासन का रात्रि ठहराव

**जींद** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जुलाना खंड के गांव बुआना में 27 मई को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे व केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएंगे। ग्रामीण इन योजनाओं का किस तरह से लाभ ले सकते हैं, उन्हें विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसमें सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### आईटी टूल्स की जानकारी के लिए कार्यशाला आयोजित

**जींद** राजकीय पीजी कालेज जींद के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा बेसिक आईटी टूल्स पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। यह कार्यशाला एडबल्यूएल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की गई। इसका उद्देश्य सभी शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग को मूलभूत आईटी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना था। कार्यशाला में वर्ड प्रोसेसिंग, स्प्रेडशीट्स, प्रेजेंटेशन टूल्स, ईमेल हैंडलिंग और क्लाउड आधारित सहयोगी प्लेटफॉर्म जैसे गूगल ड्राइव, गूगल डॉक, गूगल फॉर्म्स आदि विषयों को कवर किया गया।

### बच्चों के संस्कार के लिए लगा शिविर

**अलेवा** दिल्लूवाला गांव में बच्चों के संस्कार को लेकर गांव की चौपाल में एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच हितेश ने की तथा मुख्य रूप से श्रमणी गौरव तथा डा. साहवी सुनीता महाराज ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव के लोगों को संबोधित करते हुए श्रमणी गौरव तथा डा. साहवी सुनीता महाराज ने बताया कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। अगर बीज अच्छा होगा तो खेती भी श्रेष्ठ होगी। उसी तरह बच्चों का बचपन संस्कारों से श्रेष्ठ बनेगा।

## धनौरी ड्रेन तक 27 किलोमीटर तक पाइप लाइन का कार्य शुरू

# शहरवासियों को जलभराव एवं पानी निकासी जैसी समस्याओं से जल्द मिलेगी निजात

नरवाना के विकास के लिए बड़े प्रोजेक्ट पाइपलाइन म



कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किया 42 लाख रुपए की लागत से बनी सड़क का उद्घाटन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र नरवाना के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम आदमी को हर सुविधा देने का हमारा लक्ष्य हैं। पीने का पानी की समस्या हो या बिजली, मेडिकल, स्वच्छता और शिक्षा जैसी सभी क्षेत्र वासियों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। सामूहिक रूप से कार्य की शुरूआत कर रहे हैं। सभी कार्यों में क्षेत्र वासियों का पूरा सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को विधानसभा क्षेत्र के हरिनगर और बड़सी पती में एक जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने स्थानीय हरिनगर में पुली से जयराम अस्पताल तक लगभग 42 लाख रूपये की लागत से बनी गली का उद्घाटन किया तथा एक करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से बड़सी पतीए इंदिरा कॉलोनी और शास्त्री नगर में बनने वाली विभिन्न गलियों का शिलान्यास भी किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र नरवाना के लिए अभी बड़े प्रोजैक्ट पाईप लाईन में है। उन्होंने कहा कि धनौरी ड्रेन तक 27 किलोमीटर की सीवरेज पाईप लाईन का कार्य भी आगामी 15 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से नरवाना में ऑवरफ्लो की समस्या नहीं रहेगी। चमेला कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का 11 करोड़ रुपये के टेंडर के लगने से लाईन पार का पूरा क्षेत्र कवर हो जाएगा। जिससे ऑवरफलो की समस्या से निजात मिलने में सहायता मिलेगी। दनौदा तथा कलौदा से नरवाना तक सड़क के बनने से नरवाना तक की दूरी काफी कम हो जाएगी। इससे आम नागरिक, विद्यार्थी, किसानों, व्यापारियों सहित प्रत्येक क्षेत्र वासी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विधानसभा क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान एक-एक करके किया जा रहा है।

### कंडेला में राजेश शर्मा की मूर्ति का हुआ अनावरण

**जींद** गांव कंडेला में रविवार को स्वर्गीय राजेश शर्मा की मूर्ति का अनावरण किया गया। राजेश शर्मा की वर्ष 2002 में कंडेला कांड के दौरान मृत्यु हो गई थी। उस समय राजेश मात्र नौवीं कक्षा के छात्र थे और इस घटना में सबसे कम उम्र के शहीद थे। कंडेला गांव और विभिन्न किसान संगठनों ने मिलकर इस मूर्ति की स्थापना की है। मूर्ति अनावरण समारोह में हरियाणाभर से सैंकड़ों किसान शामिल हुए। जो इस अवसर पर राजेश शर्मा के बलिदान को याद करने के लिए एकत्र हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलबीर सिंह गुरूसर किसान सभा राज्य प्रधान, नफे सिंह ईगराह, रामफल कंडेला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, कुलदीप उर्फ पप्पु रेढू शाहपुर, राजमल राजगढ़ ढोबी, जोगेंद्र नैन राज्य प्रधान भाकियू घासीराम नैन गुट, छज्जू राम कंडेला राज्य प्रैस प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन, आजाद पालवां, गुरविंदर सिंह प्रधान माजरा खाप, ओमप्रकाश कंडेला कंडेला खाप प्रधान, विकास सींसर आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2002 में किसानों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की सरकार के खिलाफ बिजली बिलों और बिजली कटौती के मुद्दे पर जोरदार आंदोलन किया था। भारतीय किसान यूनियन भाकियू के नेतृत्व में चले इस प्रदर्शन में बिजली बिल माफी के वादे को लागू न करने और बिजली आपूर्ति बाधित करने के विरोध में किसानों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया था।


एलुमनी मीट में भाग लेते हुए।

## राजकीय महाविद्यालय में हुई एलुमनी मीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक साथ लाने का मौका : प्रो. सत्यवान मलिक


राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में रविवार को भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर ज्योति शोराण रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने गायन और नृत्य के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कियाए जो दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा।

समारोह में महाविद्यालय के पांच सबसे वरिष्ठ भूतपूर्व छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह महाविद्यालय की ओर से अपने पूर्व विद्यार्थियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का एक प्रतीक था। सम्मानित होने वालों में नरेश शर्मा जनरल मैनेजर हरियाणा लेदर केमिकल, दलबीर सिंह, हिमानी सहित अन्य विशिष्ट भूतपूर्व छात्र शामिल रहे। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि यह भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक साथ लाने, उनके अनुभवों से सीखने और संस्थान के साथ उनके जुड़ाव को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। भूतपूर्व छात्रों ने भी अपने अनुभव सांझा किए और वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया।

## विचार वर्ग एवं दायित्व ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

- स्वदेशी स्वावलंबी उद्यमिता व स्वरोजगार को दिया जाए बढावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


कार्यक्रम में भाग लेते हुए गणमान्य। फोटो : हरिभूमि

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में जिला विचार वर्ग का आयोजन किया गया। जिला विचार वर्ग का उद्देश्य स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना, स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता के सूत्र तलाशना और राष्ट्रहित में आर्थिक नीतियों की समीक्षा करना था। विचार वर्ग में चीन निर्भरता से मुक्ति, लघु उद्योगों की भूमिका, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। कुलदीप पूनिया प्रांत संगठक ने सभी बातों को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी स्वावलंबी उद्यमिता व स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिसमें श्रीमान कुलदीप ने इन विषयों को प्रमुखता से उठाया था कि आने वाले समय में कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। प्रांत युवा प्रमुख अजय राणा ने नॉरेटिव विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व जिला संयोजक डा. राजेंद्र गुप्ता ने जिला जींद की आर्थिक, सामाजिक व भौगोलिक स्थिति से अवगत करवाया एवं जिला कार्यकारिणी में विस्तार किया। जिसमें अमृता सैनी को सह वरिष्ठ नागरिक आयाम प्रमुख, गीता मलिक को जिला शहर महिला प्रमुख, गीता कंडेला को कंडेला खंड प्रमुख, ललिता को जीतगढ़ को कंडेला सहखंड प्रमुख, सुनीता धीमान को महिला नगर प्रमुख, संदीप को नगर संयोजक, आशीष को जुलाना खंड प्रमुख, अमित संपर्क सहप्रमुख व राम सिंह राणा खंड विचार प्रमुख बनाया गया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप सह संयोजक, जिला प्रशिक्षक अनिल कुमार, डा. नरेश, जसबीर, डा. नवीन, परविंद्र डाहोला, वीरेंद्र पिंडारा आदि मौजूद रहे।

## सोने की अंगूठी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

सीआईए स्टाफ ने युवक के हाथ में पहनी सोने की अंगूठी चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान बलिंद्र वासी बांसा जिला करनाल हाल करतारपुरा कालोनी रोहतक के रूप में हुई है।

गत 14 अप्रैल को थाना सिविल लाइन जींद में जोगीराम वासी किठाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भतीजे सोमपाल की करीब एक माह पहले मौत हो चुकी है। वह उसके बच्चों से मिलने पीडब्लयूडी कालोनी जींद आया था। वह पुराना बस अड्डा की तरफ घूमने आया तो एक युवक ने पता पुछने के बहाने उसके हाथ से सोने की अंगूठी को निकाल लिया।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों को खंगाला। पुलिस ने आरोपित बलिंद्र वासी बांसा जिला करनाल हाल करतारपुरा कालोनी रोहतक को अमनुपगढ़ के पास ओवरब्रिज के नीचे से काबू कर लिया। पुलिस ने बलिंद्र को अदालत में पेश कर के एक दिन का रिमांड लिया है।



### हिंदू कन्या महाविद्यालय में हुई वार्षिक सभा

**जींद** हिंदू कन्या महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आम सभा की वार्षिक बैठक हुई। इस सभा में कॉलेज की कार्यकारिणी समिति के प्रधान डा. अंशुल सिंगला, उपप्रधान सतप्रकाश गोयल, महासचिव राजकुमार सिंगला व कोषाध्यक्ष श्री बलदेव राज आहूजा, कॉलेज कार्यकारिणी के गणमान्य सदस्य व आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डीजीएचई नॉमिनी तानाशा हुड्डा व वीसी नॉमिनी डा. सुनील रोहिल्ला विशेष रूप से आमंत्रित थे। 90 के करीब संख्या में आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। सत्र की शुरुआत में प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने शिक्षाए खेल व सांस्कृतिक क्षेत्र में छात्राओं द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों को उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस सभा में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद से आए रामधन जैन ने कॉलेज में प्रवेश के दौरान छात्राओं को जो छात्रवृतियां देने की योजना लागू की गई है, उसकी सराहना की। इसके अतिरिक्त गुलशन भारद्वाज, सुरेंद्र पूनिया, भूतपूर्व छात्रा राज बंसल व अन्य गणमान्य अतिथियों ने कॉलेज की हर क्षेत्र में उपलब्धियों की प्रशंसा की।

## सिंघाना में मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


गणमान्यों को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो : हरिभूमि

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद हरियाणा इकाई के चेयरमैन भारत शर्मा ने गांव सिंघाना में मनाई की गई भगवान परशुराम जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत की और भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर समिति द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

चेयरमैन भारत शर्मा ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन न केवल हमारे लिए सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है बल्कि यह भारत की उस महान सनातन परंपरा का भी प्रतीक है। जो समय-समय पर अधर्म का नाश करके धर्म की पुनः स्थापना करती रही है। भगवान परशुराम अधर्म के खिलाफ इसी जंग के ध्वज वाहक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथए सबका विकासए सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। जयंती समारोह में पहुंची हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष की धर्मपत्नी गीता देवी ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत, विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर उन्होंने गांव की तरफ से रखी गई मांगों पर विश्वास दिलाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर आप द्वारा रखी गई मांग पूरी करवाने का प्रयास किया जाएगा।


मासिक सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### आर्य समाज का मासिक सत्संग संपन्न

**सफीदों** आर्य समाज के तत्वावधान में नगर के आर्य समाज मंदिर में मासिक सत्संग संपन्न हुआ। सत्संग में स्वामी धर्मदेव महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन आर्य समाज सफीदों के प्रधान यादविंद्र बराड़ ने किया। इस मौके पर प्रातः हवन यज्ञ किया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने आहुतियां डालकर समाज की सुख शांति की कामना की। वहीं बिजनौर से आए पंडित मोहित शास्त्री ने अपने भजनों के माध्यम से आर्य समाज की अलख जगाई। अपने संबोधन में स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि आर्य समाज एक सुधार आंदोलन का नाम है। आर्य समाज वैदिक धर्म को पुनर्जीवित करने और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए काम बहुत लंबे समय से कर रहा है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने दस नियम बताए हैं, जिनमें ईश्वर की उपासना, वेद को प्रमाण मानना और समाज सुधार शामिल हैं। आर्य समाज इस प्रकार के मासिक सत्संगों के माध्यम से लोगों को धर्म और समाज सुधार के बारे में शिक्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सत्संग में भाग लेने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को सत्संग में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



### कैबिनेट मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड सुना

**नरवाना** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने युवा मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल के निवास स्थान पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सुना। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बहुत से स्थानीय मुद्दों पर बात कीए जिससे हमारे मन में नए.नए विचार आते हैं और एक नई सोच के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एक जुट होकर खड़ा है। हमें आतंकवाद को जड़ से खत्म करना होगा। आपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो प्राक्रम और साहस दिखाया हैए उससे पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। इससे दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को नया उत्साह और विश्वास मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया में टॉप पर रहने वाले महाराष्ट्रए हरियाणा और राजस्थान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो खेलता हैए वही खिलता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने सिंदूरए तिरंगा यात्राए मेक इन इंडियाए रिसाइक्लिंगए जीव जंतुए देश विदेशए क्राफटेड फाईबरए योग आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मन की बात सुननें उपरांत कहा कि आज हरियाणा मैडल की नर्सरी बन चुका है। हमारे खिलाड़ियों के अंदर अति उत्साह है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात हर भारतीय में भरती है जोश : डा. मिड्ढा

# डिप्टी स्पीकर ने कार्यकर्ताओं संग सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

- भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बूथ नंबर 77 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

जींद विधानसभा के बूथ नंबर 77 पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड को सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों के नाम अपने संबोधन में कहा कि ऑपेरशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत का प्रतिबिंब होने के साथ-साथ साहस और संकल्प का प्रतीक है। सेना के पराक्रम पर देश को गर्व है। देश की सेना ने अपना अदम्य साहस दिखा कर पूरे विश्व जगत को बता दिया है कि आत्मनिर्भर भारत अब आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर मुहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा अब अपनी छुट्टियां मनाने अपने परिजनों के साथ देश के खूबसूरत भ्रमण स्थानों पर ही जाने का संकल्प ले रहे हैं। वहीं देश की युवा शक्ति अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए बढ़चढ़ कर आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि समूचे देश में एकजुटता की एक लहर चल रही है जो यह दर्शाती है कि ऑपेरशन सिंदूर ने देश को एक नया विश्वास व उत्साह दिया है।

### मन की बात में आप्रेशन सिंदूर पर हुई चर्चा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार अपने मन की बात को देशवासियों तक पहुंचाने का काम किया है। आज आप्रेशन सिंदूर पर चर्चा हुई कि किस प्रकार से हमारी तीनों सेनाओं ने उग्रवादियों के कैंप को उडाने का काम किया और वहीं पर खरीददारी के लिए बात की गई कि हमारे नागरिक जितनी भी खरीददारी करेंगे, देश की चीजों की खरीददारी करेंगे ताकि हमारा देश और अच्छी ऊंचाइयों पर पहुंचे। आज हमारा देश तीसरी शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। देश के प्रधानमंत्री हर माह अंतिम सप्ताह में देशवासियों से मन की बात करते हैं। जिससे लोगों को बहुत ज्ञान मिलता है। मोदी के मन की बात का कार्यक्रम जयंती मंडल टीम के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने आप्रेशन सिंदूर का जिक्र किया और लोगों को योग के लिए जागरूक किया। योग दिवस पर ज्यादा से ज्यादा योग करें और जीवन में योग को अपनाएं। अनिल धवन ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को सुना गया है। डिप्टी स्पीकर बूथ नंबर 77 पर एकत्रित हुई। सभी ने मन की बात सुनी और इसे कार्यकर्ताओं के साथ शेयर किया।

## खबर संक्षेप



भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु

### श्री मणिमहेश मंडल ने त्रयोदशी पर लगाया भंडारा

**कैथल।** श्री मणिमहेश मंडल द्वारा मासिक विशेष शिव त्रयोदशी पर भंडारे का आयोजन छज्जू सराय पर किया गया। भंडारे का शुभारंभ सदस्य दीपक गुप्ता कपूर चंद गोयल पवन गर्ग द्वारा प्राचीन शिव मंदिर में शिव पूजन व कन्याओं को भोजन करवा कर किया गया। मंडल की तरफ से प्रत्येक कृष्ण पक्ष की शिव त्रयोदशी को यह भंडारा लगाया जाता है। आज के भंडारे में राकेश धमीजा, सुरेंद्र, राजन गोयल, दलवीर, गुरुदेव, सुदामा, आशु गर्ग, मनदीप सैनी आदि ने सेवा की।

### युवती को भगाने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** कलायत पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कलायत पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 में को सुदकन खुर्द का राममेहर शर्मा उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस संबंध में एएसआई पिंकी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किसानों की केबल व अन्य सामान चुराया

**कैथल।** जिले के गांव सिसला से चोरों ने क ही रात में 16 किसानों के यहां लगी बिजली की केवल व अन्य सामान चुरा लिया। गांव सिसला के गुरदेव सिंह ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोरों ने 20 मई को उसके तथा अमरपाल, ईश्वर, कर्मवीर, कुलदीप, गुरदेव सिंह, जयपाल, धर्मवीर, बलजीत, वीर सिंह, भीम सिंह, मनोज, ऋषिपाल, लक्ष्मण, सतीश और साहब राम के खेतों से बिजली की केबल व अन्य सामान चुरा कर ले गएद्ध चुराए गए सम्मान की कीमत करीब 12000 बताई गई है। इस संबंध में मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल कपिल देव ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### बाकल में प्रशासन का रात्रि ठहराव 27 को

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव बाकल में 27 मई को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे व केद्रं व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवायेंगे। ग्रामीण इन योजनाओं का किस तरह से लाभ ले सकते है, उन्हें विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसमें सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। जो भी समस्याएं लोगों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी उनका समाधान किया जाएगा।

*बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक, नसों में ब्लॉकेज, लकवा, कैंसर के मरीज*

# समोसे-कचौरी बनाने में प्रयोग तेल परोस रहा बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

होटल और रेस्टोरेंट में यदि आप समोसे या कचौरी खा रहे हैं तो एक बार उनको तैयार होते जरूर देख लें अन्यथा आप बिना बुलावे बीमारियों को न्योता दे रह हैं। समोसे व कचौरी आदि तलने में पूरा दिन प्रयुक्त किए जा रहे तेल में बनी चीजों से लगातार हार्ट अटैक, नसों में ब्लॉकेज, लकवा, कैंसर, पेट संबंधित बीमारियां हो रही हैं। डॉक्टरों का मुताबिक आपका





कचौरी और समोसे की फाइल फोटो।

कांस्टेबल प्रतिदिन आपका शरीर बीमारी की चपेट में आ रहा है। इससे बीपी व हॉर्ट की बीमारी आदि से फैटी लीवर होता जा रहा है। बता दें कि कारीगर जब सुबह समोसे बनाना शुरू करता है जो तेल डालता है। सारा दिन उसमें समोसे व कचोरी पकाता है। तेल कम होता जाता है और उसमें और तेल डालते जाते हैं जिसे तेल काला होता जाता है और बीमारियां उत्पन्न होती हैं।

### यह कहते हैं विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के अनुसार बार-बार एक ही तेल का उपयोग में लेते हैं तो उसे बीमारी फैलने का खतरा ज्यादा है जैसे कि कैंसर जैसी घातक बीमारियों को बुलावा देते हैं। तेल को बार-बार गर्म करने से उसकी खुशबू के साथ-साथ उसका प्रभाव भी खत्म हो जाता है। जिस वजह से तेल में फैट बढ़ने लगता है और तेल का रंग काला पड़ जाता है। इसी जले हुए तेल में खाना का खाना खाने से तो यह फैट खाने से शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान दे रही है। यह तेल शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाने का काम करता है जिससे फैट होती है और मोटापा बढ़ाने का ज्यादा खतरा होता है।

### हार्ट अटैक, नसों के ब्लॉकेज का खतरा



सिग्नस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के वाइस प्रेसिडेंट डा. जसजीत सिंह ने बताया कि एक ही तेल को बार-बार गर्म करने से वह काला हो जाता है। काला तेल से बनाई गई खाद्य सामग्री कई प्रकार की बीमारियां हो जाती है। इससे हार्ट अटैक, नसों के ब्लॉकेज, लकवा आदि बीमारी फैलती हैं। तेल से बना खाना खाने से फैट शरीर को नुकसान पहुंचता है। इस प्रकार की बीमारियों से पीडित रोगी नियमित रूप से अस्पताल में पहुंच रहे हैं। लोग अपने सेहत का पूरा ध्यान रखें। बाहर की बनी हुई चीजों को खाने से परहेज करें और घर की बनी हुई चीजों का ज्यादा खाएं।

### मंत्री कृष्ण पंवार ने विधायक सतपाल जांबा के आवास पर पहुंचकर सुनी मन की बात

# देश में प्रत्येक हाथ को काम मिले और हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बने, यही है प्रधानमंत्री मोदी का विजन

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की और सेना के शौर्य की सराहना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन है कि प्रत्येक हाथ को काम मिले और प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर बने। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट को बेचने के लिए करनाल व फतेहाबाद में सांझा बाजार की शुरूआत की है। आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिलों इस प्रकार के सांझा बाजार खोलने की दिशा में काम किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण आंचल में तैयार किए गए सामान को मार्किट मिल सके।

हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण पंवार ने रविवार को कैथल जिला के जांबा गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम के 122वें



**कैथल।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार गांव जांबा में विधायक सतपाल जांबा के साथ पीएम की मन की बात सुनते हुए फोटो : हरिभूमि

प्रसारण को सुना। इस मौके पर उनके साथ विधायक सतपाल जांबा मौजूद रहे। मंत्री ने कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की और सेना के शौर्य और पराक्रम की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा है, क्योंकि भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दुश्मन को करारा जवाब दिया है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के वीर सैनिकों ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया उसपर प्रत्येक हिन्दुस्तानी को गर्व है। भारत ने पूरी दुनिया को दिखाया है कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति की राह पर है। पूरे प्रदेश में एक सामान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। जिससे आवागमन तो सुगम हुआ ही है उसके साथ साथ व्यापार में भी बढ़ोतरी है। पिछले दस सालों में प्रदेश में कई नेशनल हाईवे बनाए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कहा है कि 30 जून से पहले प्रदेश की सभी सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र पर बात करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में सभी मूलबूत सुविधाएं उपलब्ध है। शत प्रतिशत किताबें स्कूलों में पहुंच चुकी है। पहले की सरकारों में आधा साल बीत जाने के बाद भी बच्चों को किताबें नहीं मिल पाती थी।

### वर्तमान में रोडवेज के बेडे में करीब 4100 बसें

*वहीं हरियाणा रोडवेज के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि वर्तमान में रोडवेज के बेडे में करीब 4100 बसें हैं। सुरक्षित एवं सुगम यात्रा की वजह से हरियाणा की नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के लोग भी हमारी बस को पसंद करते हैं। महिलाओं के लिए सरकार ने पिंक बसें चलाई है। गांव में विकास कार्य के सवाल पर मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि प्रत्येक गांव में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में ई-लाइब्रेरियां खोली जाएंगी, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करेंगे और अच्छी उपलब्धि हासिल करेंगे। इसके साथ ही 1000 गांव में सांस्कृतिक केंद्र खोले जाएंगे, जहां महिलाएं एक साथ बैठकर भजन-कीर्तन कर सके। इसके अलावा गांव में इंडोर जिम खोले जाएंगे।*

### मोदी की अगुवाई में बढ़ रहा देशः जांबा

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। हरियाणा में आज युवाओं को बिना खर्ची व बिना पर्ची के पारदर्शी रूप से नौकरियां प्रदान की जा रही है। सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाता। आज मुख्यमंत्री नायब सैनी के राज में प्रदेश के सभी वर्ग खुशहाल नजर आ रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर विधायक सतपाल जाम्बा,जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल, कृष्ण पिलनी, सरदार गुरविंदर हाबड़ी, सतपाल चुघ ,डॉ बलविंद्र मैहला संगरौली, ओमप्रकाश जांबा, पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता निधि मोहन , बलविंदर मेहला , वीणा सेठी , सतपाल चुग, प्रताप राणा , अमित सैनी , मन्नू वालिया आदि मौजूद रहे।



**कलायत।** वार्ड 14 में कच्ची गलियों की तस्वीर दिखाते कालोनी वासी

## वार्ड 14 में पक्की गलियों की मांग ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत शहर के वार्ड 14 में पक्की गलियों की मांग ने अब बल पकड़ लिया है। इसको लेकर बैठकों का दौर जारी है। बीएसएफ रिटायर्ड फौजी सुभाष चंद, रमेश कुमार, विजय गोयल, रामनिवास मौण, कर्मवीर ढूक्षसह और दूसरे वार्ड वासियों ने कहा कि उनके आवासीय क्षेत्र के इर्द-गिर्द सभी गलियां पक्की हैं। जबकि एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जिसमें आज भी शहरी की बजाए खेतों के कच्चे रास्तों से भी कहीं ज्यादा स्थित बदतर है। इसके चलते आवासीय क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानिं झेलनी पड़ रही हैं। ऐसे में उन्हें बरसात के दिनों में कीचड़ व जल भराव के बीच डगर तय करनी पड़ती है। कच्ची पड़ी गलियों के कारण पानी निकासी व्यवस्था और पेयजल लाइन की सुविधाओं का लाभ भी समुचित रूप से उन्हें नहीं मिल पा रहा है। कालोनीवासियों का कहना है कि नगर पालिका गठन के चार दशक के उपरांत भी आवासीय क्षेत्र में गलियां मिट्टी की हैं। आवासीय क्षेत्र की महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और युवाओं ने इस मुद्दे को संजीदगी से राजनेताओं एवं प्रशासन के पटल पर उठाना शुरू कर दिया है। इससे वार्ड प्रतिनिधियों पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने क्षेत्र का सर्वे तो कराया है। अभी तक कोई ठोस कार्य योजना जमीन पर नहीं उतरी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया अनुसार विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे। सीता नगर और कुलवंत नगर एक्सटेंशन की यह मांग अब एक सामूहिक आंदोलन का रूप लेती जा रही है।

### मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

वार्ड 14 महिला पार्षद पूनम धीमान ने बताया कि आवासीय क्षेत्रों का विकास उनका दायित्व है। प्रक्रिया अनुसार प्राथमिकता के आधार पर गलियों के निर्माण के लिए प्रयास जारी हैं। जल्द विभिन्न विकास कार्य शुरू होंगे और लोगों को सुविधाएं मिलेंगी।

## हंसू माजरा में शहीद उधम सिंह स्मारक का काम शुरू



**कैथल।** हंसू माजरा में शहीद उधम सिंह स्मारक का शुभारंभ करते पंचायत सदस्य।

**कैथल।** खंड स्थित गांव हंसू माजरा में सरपंच कुलदीप सिंह व ग्राम पंचायत ने जलियावाला हत्याकांड का बदला लेने वाले नायक शहीद उधम सिंह के बुत व स्मारक का काम शुरू किया गया। गांव की पंचायत द्वारा समूह गांव वासियों के सहयोग से किए गए इस कार्य के लिए बधाई देते हुए सरपंच ने कहा कि शहीद उधम सिंह की भारत वासियों के लिए देन को कभी नहीं भूला जा सकता तथा समूचा राष्ट्र उनका आभारी रहेगा। पूर्व उप प्रधान ब्लॉक समिति गूहला ने कहा कि देश की आजादी मे अविस्नार्णीय योगदान के लिए पूरा देश उनका सदा ऋणी रहेगा। इसके अलावा सभी जिलों में शहीदों के स्मारक के निर्माण व नवीनीकरण का काम किया जाना चाहिए। मास्टर बूटा सिंह ने कहा कि शहीदों द्वारा किये गये महान कार्यो के लिए आम जन उनका हमेशा ऋणी रहेगा। इस स्मारक के निर्माण के लिए दान मे जगह देने वाले परिवार सदस्य जिओन सिंह, निर्मल सिंह, अजमेर सिंह बलवीर सिंह , बंता सिंह, वीर सिंह, अमंदीप का समस्त ग्राम पंचायत ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह, पंच ग्राम पंचायत ज्ञान सिंह, बलजीत सिंह, अवतार सिंह काका, लाड़ी, हरविंदर , चन्नी, करमजीत काला, मंगत सिंह , करनेल सिंह,कर्म सिंह सहित समस्त ग्राम वासी मौजूद थे।



**कलायत।** कलायत में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा और शिविर आयोजक-संयोजक फोटो : हरिभूमि

## शिविर में 55 ने किया रक्तदान

**कलायत** देश प्रेम की भावना का संदेश देने के लक्ष्य को लेकर कलायत अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। वार्ड 15 पार्षद प्रतिनिधि अनिल कांसल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में अनाज मंडी के व्यापारियों, किसान, मजदूरों, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ सांसद नवीन जिंदल की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। कैंप में 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य को जिस प्रकार शिविर को समर्पित किया गया वह प्रशंसनीय कदम है। इससे देश प्रेम की भावना मजबूत होती है। शिविर में पहलगाम आंतकी हमले को लेकर भी आंतकवादी गतिविधियों की कड़े शब्दों में निंदा की गई। थाना प्रबंधक ने कलायत नगर पालिका प्रधान अंकित जैलदार की मौजूदगी में रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदाओं का उत्साह बढ़ाया। रक्तदान शिविर के संयोजक अनाज मंडी पूर्व उप प्रधान प्रमोद कंसल ने कहा कि रक्त दान करने से शरीर में कोई हानि नहीं होती।

## समाज कल्याण को प्रेरित करता मन की बातः मुनीष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

रविवार को कैथल शहर की जनता मार्किट में अशोक सैनी के प्रतिष्ठान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को लायंस क्लब डायमंड सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने सुना। इस अवसर पर पहले क्लब के सदस्यों ने मुनीष कठवाड़ का फूल मालाओं से स्वागत किया। कठवाड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मन की बात हमेशा हमें देश के विकास और समाज के कल्याण के लिए प्रेरित करता है। हमें प्रधानमंत्री के विचारों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। देश के विकास में योगदान देना चाहिए। यह कार्यक्रम हमें देश के विकास और समाज के कल्याण के लिए प्रेरित



**कैथल।** लायंस क्लब डायमंड के सदस्य मन की बात कार्यक्रम से पहले पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

करता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश में आतंकवाद को किसी भी हालत में उभरने नहीं देंगे। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में किसानों, मजदूरों सहित सफल लोगों से बातचीत कर रहे हैं। ताकि अन्य लोग भी उनकी प्रेरणा बने। प्रधानमंत्री ने किसानों को मेरी फसल मेरा बीमा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना सहित अन्य कई योजनाएं चलाई हुई है। मैरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही है। सभी वर्गों को एक साथ लेकर मुख्यमंत्री चल रहे हैं। इस अवसर पर अशोक सैनी, शहरी मंडल महामंत्री जसबीर पाबला, क्लब प्रधान सतपाल सैनी, सुरेश गोयल, योगेश सिंगला, अजय गर्ग, सुरेंद्र , मनोज मदान, पदम भाटी, गौरव राणा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

# गुरु ब्रह्मानंद चौक पर पुलिस की सख्ती, 25 वाहनों की जांच

- पुलिस टीम ने मौके पर नाका लगाकर की जांच
- कार्यभार संभालते ही चौकी प्रभारी ने सख्ती दिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

शहर में ट्रैफिक नियमों को लेकर अब पुलिस प्रशासन सख्त होता दिखाई दे रहा है। पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में कार्यभार संभालते ही सब-इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई का बिगुल बजा दिया। उनके नेतृत्व में गुरु ब्रह्मानंद चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस



- 6 वाहन जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते पाए
- सीट बेल्ट न लगाने के चलते 1000 रुपये का चालान थमाया
- रॉन्ग साइड चलाने के चलते 500 रुपए का चालान किया

**कैथल।** बातचीत करते हुए पुलिस चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर बहादुर सिंह।

दौरान पुलिस टीम ने मौके पर नाका लगाकर लगभग 25 वाहनों की गहन जांच की। जांच के दौरान 6 वाहन ऐसे पाए गए जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इन पर तुरंत कार्रवाई की गई। एक कार चालक को सीट बेल्ट न लगाने के चलते 1000 रुपए का चालान थमाया गया। एक अन्य वाहन को रॉन्ग साइड चलाने के चलते 500 रुपए का चालान किया गया। इसके साथ ही अन्य वाहनों को चेतावनी देकर छोड़ा गया और उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

### बुलेट पर पटाखे बजाने वालों पर कसा जाएगा शिकंजा

सब-इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बुलेट मोटरसाइकिल में गैरकानूनी रूप से पटाखे (कस्टम सिलेंसर) लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे वाहनों की पहचान की जा रही है। जो भी इस प्रकार के गैरकानूनी साइलेंसर का इस्तेमाल करता पाया गया, उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सडक पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, हेलमेट पहनें और सडक सुरक्षा के नियमों का सम्मान करें। साथ ही, किसी भी प्रकार का ध्वनि या वायु प्रदूषण फैलाने से बचें, क्योंकि यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी घातक है। पुलिस का यह अभियान सडक सुरक्षा को लेकर उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उम्मीद की जा रही है कि इस तरह की कार्रवाई से नियमों को ताक पर रखने वाले लोगों में भय पैदा होगा और सडक पर अनुशासन की भावना विकसित होगी।

## इनेलो ने बैकवर्ड सैल की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की

**राजौंद** इनेलो जिला प्रधान सोनू वर्मा ने बैकवर्ड सैल इनेलो की मजबूत टीम का गठन किया। सोनू वर्मा ने बताया कि धर्मबीर प्रजापत को हलका कलायत, राजीव जांगड़ा को चीका हल्का, सुनील कश्यप को पूंडरी हल्का,कश्मीर सैनी को कैथल हलका प्रधान बैकवर्ड सैल की जिम्मेवारी दी गई है। बैकवर्ड सैल के जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा ने बताया कि सुखविन्द्र खरकां को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिलबाग, दिल्लू, चन्द्रभान, अंकित व सुभाष को उपाध्यक्ष, डा. टेकचन्द को प्रधन महासचिव, बाबू राम, सुभाष, रामफल, जसबीर, सुनील, ओमप्रकाश व मनवीर को महासचिव, मोहनलाल को संगठन सचिव, जगदीश, पंकज, अनुराग, इन्द्र, पाला, विक्रम, सुनील, कुलदीप सिंह, अमरीक सिंह, श्रवण सिंह, गुरुबक्श व जगदीश को सचिव नियुक्त किया गया है।

**ग्राम पंचायत कुकरकण्डा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुकरकण्डा में टयूबवैल आपरेटर का एक पद रिक्त है जिसे भरने हेतू दिनांक 16-05-2025 से 31-05-2025 तक आवेदन ग्राम पंचायत कुकरकण्डा द्वारा लिए जाने हैं। आवेदन भरने हेतू योग्यता 10वीं पास व आई.टी.आई. डिप्लोमा धारक होना चाहिए। आवेदन के बाद नियमानुसार निश्चित तिथि निर्धारित करके साक्षात्कार लेकर रिक्त पद पर नियुक्ति कर दी जाएगी।

हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत कुकरकण्डा खण्ड राजौन्द (कैथल)

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** मिनी बाइपास पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास के निकट रेलवे लाइन पार करते समय रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के हाथ पर गांव खेड़ी मसानिया निवासी प्रदीप लिखा हुआ है। आरपीएफ मामले की जांच कर रही है। रविवार को सुबह एक व्यक्ति मिनी बाइपास पर रेलवे लाइन को पार कर रहा था। उसी दौरान वह रेलगाड़ी की चपेट में आ गया। जिसमें व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

### स्कूल वैन ने मारी टक्कर, एक गंभीर

**सफीदों।** सफीदों में एक स्कूल वैन ने टक्कर मारकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। पुलिस ने वैन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के समय स्कूल वैन में बच्चे भी सवार थे। पानीपत के नूर वाला निवासी मोहित ने कहा है कि उसका भाई सचिन एक राईस मिल में एयर कंप्रेशर ठीक करने के लिए जा रहा था। जब वह एक स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से गलत दिशा से तेज रफ्तार स्कूल वैन आई और उसने उसे टक्कर मार दी।

### रास्ता पूछने के बहाने बाइक सवार को पीटा

**जींद।** गांव धमतान साहिब से भूल्लन रोड पर कार सवार युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बहमनीवाला जिला संगरूर निवासी कर्मबीर ने बताया कि वह गांव धमतान साहिब में दुकान चलाता है। वह शाम को अपनी दुकान बंद कर बाइक से वाया भूल्लन घर जा रहा था। गांव से निकलते ही कार सवार युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोक लिया और हमला कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवती गायब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव सच्चाखेड़ा से युवती के गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सच्चाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से कोचिंग के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा।

## इंडस पब्लिक स्कूल जींद में 35वीं हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

# हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप में जींद के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

■ 22 जिलों के 300 कराटे खिलाड़ियों ने लिया भाग।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि।



जींद। खिलाडियों से परिचय लेते हुए मुख्यअतिथि कुलदीप रंधावा।

35वीं हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप का आयोजन इंडस पब्लिक स्कूल जींद में रविवार को किया गया। जिसका शुभारंभ कुलदीप रंधावा समाजसेवी व प्रतिनिधि चेयरमैन जिला परिषद जींद, राहुल ब्लॉक समिति अध्यक्ष व राममेहर सरपंच द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय कराटे प्रतियोगिता में हरियाणा भर से 22 जिलों के 300 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर 13 आयु वर्ग से कमए कैडेट 14 व 15 वर्ष आयु वर्गए जूनियर 16 व 17 वर्ष आयु वर्ग तथा सीनियर वर्ग के मुकाबले का आयोजन किया गया।

नरेंद्र मोर जनरल सेक्रेट्री हरियाणा राज्य कराटे एसोसिएशन ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया व कराटे की बारीकियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने विशेष रूप से मास्टर रिचर्ड दी हंस का स्वागत किया जो नीदरलैंड से विशेष रूप से इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए यहां पर पहुंचे थे। मोर ने बताया कि कराटे के खिलाड़ी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राजेश तक्षक, आयोजन समिति के सचिव कृष्ण सिंगरोहा तथा प्रतियोगिता के निर्देशक रोहित वर्मा के मार्गदर्शन में इन प्रतियोगिता में बहुत ही कांटे के मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी के रूप में मुनीत बेरवाल के मार्गदर्शन में बच्चों के रहने, खाने-पीने की विशेष रूप से व्यवस्था की गई।

मुनीत बेरवाल ने सफल आयोजन पर इंडस पब्लिक स्कूल जींद को धन्यवाद दिया और कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल संस्था खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर खेल के आयोजन के लिए हमेशा तैयार रहती है और उनका धन्यवाद किया। मुख्यअतिथि कुलदीप रंधावा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और खेल के माध्यम से बच्चे अनुशासन में रहना सीखते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कराटे खेल को लड़कियों के लिए आवश्यक बताया।

जिससे कि वो समय आने पर आत्मरक्षा के लिए भी इस खेल का प्रयोग कर सकती है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों का इस तरह की प्रतियोगिता करवाने के लिए स्कूल प्रबंधन को शुभकामनाएं दी।

### दिव्यांशी फरीदाबाद प्रथम, सुहानी पानीपत द्वितीय व रूही दादरी तृतीय रही

सात वर्ष से कम आयु वर्ग में दिव्यांशी फरीदाबाद ने पहला सुहानी पानीपत ने दूसरा रूही चरखी दादरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आठ आयु वर्ग लड़कियों में ईशानी महेंद्रगढ़ ने पहला इशिका महेंद्रगढ़ ने दूसरा अनाया जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 9 वर्ष में विजय लक्ष्मी महेंद्रगढ़ ने पहला, तन्वी फरीदाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 10 आयु वर्ग के लड़कियों के मुकाबले में सौम्या महेंद्रगढ़ ने पहला, कैथल ने दूसरा, पूजा जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 11 वर्ष से कम आयु वर्ग की लड़कियों में हिमांशी भिवानी ने पहला, उन्नति जींद ने दूसरा, रिद्धि जींद व वानी चरखी-दादरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 11 वर्ष से कम आयु वर्ग के 35 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले में पूर्वी जींद ने पहला, कश्मीर जींद ने दूसरा, यशस्वी कैथल तथा आशी फरीदाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 40 किलोग्राम भार वर्ग में दक्षिता जींद ने पहला, सोनाक्षी चरखी दादरी ने दूसरा, पूर्वी पानीपत तथा हरशिका कैथल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग के 35 किलोग्राम भार वर्ग में परी भिवानी ने पहला, नेहा फरीदाबाद ने दूसरा, जीना हिसार तथा साक्षी जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 52 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशी फरीदाबाद ने पहला, ईशान कैथल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 13 वर्ग से कम आयु वर्ग में रितिक भिवानी ने पहला, साक्षी शर्मा चरखी दादरी ने दूसरा तथा आराध्या हिसार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 13 वर्ष आयु वर्ग में 52 किलोग्राम भार वर्ग में संवि कुमारी जींद ने पहला, मनस्वी जींद ने दूसरा, रमन कैथल तथा आन्या फरीदाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 आयु वर्ग में वंशिका जींद ने पहला, लक्षिता जींद ने दूसरा, यशीका पानीपत तथा दक्षिण कुरुक्षेत्र में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 आयु वर्ग में 61 किलोग्राम भार वर्ग में संध्या जींद ने पहला, तनिका कैथल ने दूसरा तथा संध्या कैथल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष आयु वर्ग में मन्नत पानीपत ने पहला, आकांक्षा फरीदाबाद दूसरा, रितिका फरीदाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 48 किलोग्राम भार वर्ग में सवी शर्मा फरीदाबाद ने पहला, दिव्या जींद ने दूसरा, तोशिका जींद तीसरा स्थान प्राप्त किया। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में लड़कियों में ईरा जींद ने पहला, नियति भाटिया फरीदाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलदीप अहलावत पूर्व एईओ, कुलदीप बडाला, जोगिंदर नेहरा, डीपी सुखविंद्र, डीपी व अन्य कराटे मैनेजर व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



पाई। बरसाती पानी जमा होने से गली बनी बरसात

## गली में जमा बरसाती पानी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाई

गांव भाना में गत रात्रि हुई तेज बरसात के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। ग्रामीण बबली, धर्मबीर, प्रताप, रामपाल, राजकुमार, पोलू, कर्मा, ईश्वर, संदीप ने बताया कि उनके गांव में रगड़ा वाला तालाब पहले ही ओवरफ्लो रहता है और अब हुई बरसात से उनकी स्थिति और खराब बन गई है। उन्होंने कहा कि उनको 1 से 2 फुट गंदे पानी से निकल कर जाना पड़ रहा है और इस पानी में बदबू से उनका जीना भी ऊपर हो गया है। यह गंदा पानी उनकी गलियों में ही नहीं अपितु कुछ घरों में भी फैल गया है। जब भी उनको कोई भी काम जाना पड़ता है तो उसे गंदे पानी से निकल कर ही जाना पड़ता है। जिससे उनके मोहल्ले में बीमारी फैलने का डर बन गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति हर बार बरसात के समय में बन जाती है और अब आगे बरसात का मौसम आ रहा है, जिससे उनका जीना भी दुर्लभ हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्दी ही उनके मोहल्ले से इस गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए।

### रामलीला मैदान के पास खोखला हुआ पेड़, गिरने से हो सकता है बड़ा हादसा, अफसर अनजान

**सफीदों।** नगर के ऐतिहासिक नागक्षेत्र मंदिर व रामलीला मैदान के मध्य से गुजर रहे रोड पर सूखी व खोखली अवस्था में खड़ा पेड़ किसी भी वक्त गिरकर किसी बड़े हादसे को घटित कर सकता है। लोगों ने वन विभाग से इस पेड़ को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह पेड़ काफी पुराना हो चुका है। अब वह सूख और अंदर से खोखला हो चुका है। वह अंदर से इस कदर खोखला हो चुका है कि एक सामान्य इंसान उसमें प्रवेश कर सकता है। पिछले दिनों आए तेज तुफान में इस पेड़ का एक बड़ा टहना गिर चुका है। गनीमत तो यह रही कि उस वक्त इस पेड़ के नीचे से कोई गुजर नहीं रहा था अन्यथा कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता था। लोगों का कहना था कि यह पेड़ रामलीला मैदान की दीवार के साथ खड़ा है।



### मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में साइबर पुलिस ने पकड़े दो आरोपित

**कैथल।** साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ साथ जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार साइबर ठगो पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही रही है। ऐसे ही मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर लाखों रुपए धोखाधड़ी मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीवन निवासी हरीश कुमार की शिकायत अनुसार उसने 18 अप्रैल को यूट्यूब पर मोबाइल टावर लगवाने का विज्ञापन देखा था, जिसे देख कर उसने टावर लगवाने के लिए अप्लाई कर दिया। 19 अप्रैल को उसके पास अनजान व्यक्ति की कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि मैं राजेश मिश्रा बात कर रहा हूं, आपने छत पर टावर लगवाने के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया था। कुछ बात करने के बाद आरोपी ने कॉल काट दी और दोबारा 21 अप्रैल को कॉल की। टावर लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस के 1150 रुपये मांगे।



### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन, गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित


**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतःपद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्डण्जीओवीण्इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति पत्र अधिकतम 800 शब्द भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्रध्विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों, सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख होए प्रस्तुत किया जाए। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जायेए जिनकी उत्कृष्टता और वास्तव में सम्मान की हकदार है। पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं।

## सेना में लेफ्टिनेंट बनीं कैथल की दो बेटियां दिव्या और अंजू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

दो बेटियों ने लेफ्टिनेंट के पद पर शपथ ग्रहण कर कैथल का नाम रोशन किया है। इससे पहले गांव बालू की कैप्टन पुनम रानी पुत्री श्री रामेश्वर दास जो कि ड्यूटी पर रहते हुए दिसंबर 2023 में अपना बलिदान दिया था इस बेटी ने कैथल का नाम रोशन किया था। अभी इन बेटियों ने साबित कर दिया कि बेटियां किसी से काम नहीं। 24 मई 2025 को पुना (महाराष्ट्र)में बेटी





सेना में लेफ्टिनेंट बनी बेटियां

लेफ्टिनेंट दिव्या पुत्री पूर्व हवलदार दर्शन सिंह गांव कसान के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कैथल में सेवारत हैं। दूसरी बहादुर बेटी लेफ्टिनेंट अन्जू रानी पुत्री धर्मवीर सिंह गांव कोटडा ने 23 अप्रैल 2025 को कोलकाता में शपथ ग्रहण की। इन बेटियों ने बताया कि हम अपने सेना के उच्च अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह से देश सेवा की सीख लेते हुए,देश सेवा में हर समय तत्पर रह कर देश का नाम रोशन करेगे। प्रधान जगजीत फौजी ने बेटियों व परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि मासिक कार्यक्रम तक दोनों बेटियां पहुंची तो सम्मानित होंगी।

## दो युवकों की हत्या के मामले में चार नाबालिगों को किया निरूद्ध

■ इस मामले में सात नाबालिग पहले किए गए हैं निरुद्ध।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

बरटा गांव के दो नाबालिग युवकों की हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर बीर भान द्वारा 4 नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है। डीएसपी बीर भान ने बताया कि गांव बरटा निवासी रोहताश की शिकायत अनुसार उसका 15 वर्षीय बेटा प्रिंस व उसके चाचा का लड़का अरमान दोनो हमउम्र तथा दोस्त थे। उनके गांव के ही दो युवक 3-4 दिन पहले उनके घर आए तथा कहने लगे की प्रिंस व अरमान उनकी बहनों के साथ छेड़खानी करते है। उनको समझा देना, वरना अंजाम बुरा होगा।

18 मई की शाम करीब 6 बजे प्रिंस व अरमान दोनो घर से बाहर घूमने के लिए गए थे। जो घर वापिस नहीं आए। जो 19 मई की सुबह धनौरी ड्रैन के पास प्रिंस व अरमान की डैड बोडी मिली। जिनके सिर व अन्य जगह पर तेजधार हथियारों की चोट के निशान थे। शिकायत के आधार पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया।

## पंचमुखी चौक के पास पलटी कार, एयरबैग ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड

पंचमुखी चौक के पास रविवार दोपहर के समय एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलट गई। इस हादसे में एयरबैग खुलने से स्कॉर्पियो सवार तीनों लोग बाल-बाल बच गए। स्कॉर्पियो कुरुक्षेत्र से कैथल जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शी राकेश ने बताया कि दोपहर करीब पौने तीन बजे पंचमुखी चौक की तरफ से एक स्कॉर्पियो तेज गति से आ रही थी।

ढांड गांव के मोड पर पहुंचते ही कार बेकाबू होकर पलट गई। राकेश ने बताया कि स्कॉर्पियो ओवर स्पीड थी। इस कारण स्कॉर्पियो को संभाल नहीं पाए और पुलिया से टकरा कर स्कॉर्पियो रजबाहे में पलट गई। दूसरे प्रत्यक्षदर्शी राहुल ने बताया कि रजबाहे में जोहड़ के पानी के लिए डाली गई मिट्टी ने बड़े हादसे को टाल दिया।

स्कॉर्पियो के पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। स्कॉर्पियो में लगे एयरबैग के खुलने से यात्रियों की जान बच गई।

## कंडेला कांडः राजेश शर्मा की मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव कंडेला में रविवार को स्वर्गीय राजेश शर्मा की मूर्ति का अनावरण किया गया। राजेश शर्मा की वर्ष 2002 में कंडेला कांड के दौरान मृत्यु हो गई थी। उस समय राजेश मात्र नौवीं कक्षा के छात्र थे और इस घटना में सबसे कम उम्र के शहीद थे। कंडेला गांव और विभिन्न किसान संगठनों ने मिलकर इस मूर्ति की स्थापना की है। जिसमें प्रदेशभर से सैंकड़ों किसान शामिल हुए। जो इस मौके पर राजेश शर्मा के बलिदान को याद करने के लिए




एकत्र हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलबीर सिंह गुरूसर किसान सभा राज्य प्रधान, नफे सिंह ईगराह, रामफल कंडेला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, कुलदीप उर्फ पप्पु रेढ़ू शाहपुर, राजमल राजगढ़ ढोबी, जोगेंद्र नैन राज्य प्रधान भाकियू घासीराम नैन गुट, छज्जू राम कंडेला राज्य प्रैस प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन, आजाद पालवां, गुरविंदर सिंह प्रधान माजरा खाप, ओमप्रकाश कंडेला कंडेला खाप प्रधान, विकास सींसर आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2002 में किसानों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की सरकार के खिलाफ बिजली बिलों व बिजली कटौती के मुद्दे पर जोरदार आंदोलन किया था।

## जिले के चार कॉलेजों में इस सत्र में शुरू होंगे नौ यूजी व पीजी के कोर्स

■ किसी कोर्स में 20 से कम विद्यार्थी रहे तो नहीं शुरू होगा कोर्स

■ उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दी मंजूरी, महिला कॉलेज में शुरू हुआ पीजी कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



प्रो. सत्यवान मलिक, प्राचार्य।

जिले के चार महाविद्यालयों विद्यार्थियों के लिए यूजी व पीजी के नौ नए कोर्स को इस बार उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने मंजूरी दी है। अब तक इन कॉलेजों में यह कोर्स नहीं थे। इनकी मांग कॉलेज प्राचार्य द्वारा उच्चतर शिक्षा निदेशालय को भेजी गई थी। जिसको अब मंजूरी मिली है। महिला कॉलेज में अब लंबे अर्से के बाद एमए अंग्रेजी का पीजी कोर्स शुरू हुआ है। जिले के राजकीय महिला कॉलेज सफीदों में दो कोर्स नए आए हैं। इनमें एक यूजी तो एक पीजी कोर्स है। पीजी कोर्स में डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग तो यूजी में ज्योग्राफी का कोर्स मिला है। राजकीय महिला कॉलेज जींद में एमए अंग्रेजी तो बीएससी में मैथ का नया कोर्स मिला है। इसके अलावा राजकीय कॉलेज नरवाना में पीजी में इतिहास, एमएससी कैमिस्ट्री तो बीएससी कैमिस्ट्री, राजकीय पीजी कॉलेज जींद में बैचरल ऑफ आर्ट में कैमिस्ट्री व बीएससी में मैथ के नए विषय को मंजूरी मिली है। अब तक इन कॉलेजों में यह विषय नहीं थे। इनकी मांग लंबे समय से की जा रही थी। इन विषयों की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को भी दूर के कॉलेज या फिर विश्वविद्यालय का रुख करना पड़ता था। अब जिले के कॉलेजों में यह कोर्स शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं। एबीवीपी महाविद्यालय ईकाई अध्यक्ष वीरसैन, नगर मंत्री प्रतीक शर्मा ने कहा कि हायर एजुकेशन विभाग द्वारा जींद के महाविद्यालयों में एजुकेशन के न्यू कोर्स शुरू करने का फैसला बहुत अच्छा है। क्योंकि नरवाना, सफीदों और दूर से आने वाले विद्यार्थियों को इन विषय की पढ़ाई के लिए जींद यूनिवर्सिटी या किसी और यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना पड़ता था। जिससे कि विद्यार्थियों को बहुत सारी समस्या आती थी।

## आरटीईः ब्यौरा नहीं देने वाले स्कूलों का एमआईएस पोर्टल होगा बंद

# निजी स्कूलों को आज देना होगा सीटों का ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को पोर्टल पर खाली सीटों की जानकारी देने के लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने स्कूल संचालकों को अब 26 मई तक का समय दिया है। अब स्कूल संचालकों के पास पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के लिए केवल एक दिन ही बचा है। पहले स्कूल संचालकों को पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने का समय 23 मई तक का दिया गया है। जो स्कूल 26 मई तक पोर्टल पर 25 प्रतिशत सीट नहीं दर्शाएंगे, उनका एमआईएस पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। मौलिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि यह निजी स्कूल संचालकों के लिए आखिरी मौका हैए उसके बाद उन्हें दोबारा अवसर नहीं दिया जाएगा। आरटीई के तहत स्कूलों को एमआईएस पोर्टल पर 25 प्रतिशत सीट दर्शाई अनिवार्य है। जींद ब्लॉक में लगभग 20 स्कूल ऐसे थेए जिन्होंने एमआईएस पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं की। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के दाखिले केवल नर्सरी, केजी व प्रथम कक्षा में दिए जाएंगे।

आरटीई के तहत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख एक मई थी। जींद ब्लॉक में आरटीई के तहत एक हजार से अधिक आवेदन आए हैं। दस्तावेजों की जांच का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशालय ने चार बार ऑनलाइन



आवेदन की तारीख बढ़ाई थी। शुरुआत में पहले ऑनलाइन आवेदन की तारीख 15 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल थी। जिसे दूसरी बार बढ़ा कर 25 अप्रैल तक कर दिया गया था। फि र ऑनलाइन आवेदन की तारीख 25 अप्रैल से बढ़ा कर 30 अप्रैल तक कर दी गई। इसके बाद एक मई तक आवेदन की तारीख को बढ़ा दिया गया था। जिस मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल के पास 25 प्रतिशत सीटों से अधिक ऑनलाइन दाखिले फार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी अभिभावको की उपस्थिति में ड्रॉ निकालना सुनिश्चित करेंगे। जिले के विभिन्न स्कूलों ने आरटीई के तहत नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्ष में कुल 2341 सीट दर्शाई थी। नर्सरी कक्षा में 1908, एलकेजी कक्षा में 40, यूकेजी कक्षा में 60 और ग्रेड 1 में 324 सीट शामिल हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवस के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में बच्चे वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में पहले से पढ़ रहे हैं, वे स्कूल उन विद्यार्थियों को अगली कक्षा में अपग्रेड करेंगे। सत्यापन करने की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से होगी। सत्यापन प्रक्रिया के बाद जिन आवेदनों की पुष्टि या जांच सही पाई जाएगी, उन आवेदनों की सूची को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड होंगे। फिर अभिभावकों को विद्यार्थियों के दाखिले से संबंधित दस्तावेज संबंधित स्कूल में दाखिले के समय जमा करवाने होंगे।

### 26 मई तक जानकारी करनी होगी अपलोड

खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने बताया कि आरटीई के तहत निजी स्कूल संचालकों को पोर्टल पर खाली सीटों की जानकारी 26 मई तक अपलोड करनी होगी। इसके लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। ऐसे में जो स्कूल जानकारी दिए बिना रह गए हैं, उन्हें चाहिए वह निर्धारित समय में खाली सीटों की जानकारी अपडेट करें। पहले स्कूलों को 23 मई तक पोर्टल पर खाली सीटों की जानकारी अपडेट करनी थी।